भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 5995

बुधवार, दिनांक 01 अप्रैल, 2026 को उत्तर दिए जाने हेतु

उत्तर प्रदेश में पीएम-कुसुम

5995. श्री जगदम्बिका पालः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधान मंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) के प्रारंभ से लेकर उत्तर प्रदेश राज्य में विशेषकर डुमरियागंज और हमीरपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों से कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं,

(ख) उक्त क्षेत्र में पीएम-कुसुम के अंतर्गत कितनी संचयी सौर ऊर्जा क्षमता संस्थापित की गई है और कितनी मात्रा में विद्युत उत्पादन दर्ज किया गया है और इसका कृषि उत्पादकता और सिंचाई सुविधाओं पर क्या प्रभाव पड़ा है; और

(ग) क्या सरकार का पीएम-कुसुम के कार्यान्वयन की अवधि को वर्तमान योजना अवधि से आगे बढ़ाने का विचार है और यदि हां, तो इस योजना का कृषि विकास पहलों के साथ अधिक एकीकरण करने की योजना सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) और (ख) पीएम कुसुम योजना एक मांग-संचालित योजना है और इसमें क्षमताओं का आवंटन राज्य द्वारा की गई मांग और हासिल किए गए लक्ष्यों के आधार पर किया जाता है। राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों (SIA) को लाभार्थियों के चयन और जिला स्तर पर योजना के आगे के कार्यान्वयन के लिए सशक्त किया गया है। मंत्रालय इस योजना के तहत किसी निर्वाचन क्षेत्र/जिले के लिए कोई विशेष लक्ष्य निर्धारित नहीं करता है।

उत्तर प्रदेश राज्य की राज्य कार्यान्वयन एजेंसी (एसआईए) द्वारा दी सूचना के अनुसार, दिनांक 28.02.2026 तक पीएम-कुसुम योजना के तहत उत्तर प्रदेश राज्य में कुल 295.38 मेगावाट सौर क्षमता स्थापित की गई है। उत्तर प्रदेश राज्य और डुमरियागंज तथा हमीरपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में पीएम-कुसुम योजना के तहत प्रगति का विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(ग) पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत, स्वीकृति की तारीख से पूर्णता की अवधि 24 माह है। राज्यों में चल रहे कार्यान्वयन कार्य के साथ, ऐसी उम्मीद है कि अधिकांश क्षमताएं वर्ष 2026 में चालू हो जाएंगी। नई योजना, पीएम कुसुम 2.0 विचाराधीन है।

अनुलग्नक-I

'उत्तर प्रदेश में पीएम-कुसुम' के संबंध में पूछे गए दिनांक 01.04.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 5995 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पीएम-कुसुम के तहत प्रगति का विवरण

	घटक-क *(मेगावाट में)*		**घटक-ख** *(सौर पंपों की संख्या)*		**घटक-ग** *(ग्रिड से जुड़े पंपों की संख्या)*		
	स्वीकृत	**स्थापित**	**स्वीकृत**	**स्थापित**	**स्वीकृत (आईपीएस)**	**स्वीकृत (एफएलएस)**	**कुल सौरीकृत**
उत्तर प्रदेश	1.00	1.00	1,07,226	67,186	12,000	3,70,000	7,725
विशिष्ट जिलों में प्रगति							
डुमरियागंज	-	-	-	540	-	-	1
हमीरपुर	-	-	-	1487	-	-	5

आईपीएस: व्यक्तिगत पंप सोलराइजेशन, एफएलएस: फीडर स्तर सोलराइजेशन

****